# कार्यालय-छात्र कल्याण अधिष्ठाता
# (चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 13.01.2021

## प्रेस विज्ञप्ति/अधिसूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय एम0एम0एच0 कालेज, गाजियाबाद, कालेज कोड – 019 में संचालित एल–एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रम सत्र 2020–21 में आनॅलाईन पंजीकृत सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.01.2021 को प्रवेश समिति की बैठक के निर्णय अनुसार उक्त कालेज को बी0सी0आई0 की मान्यता ना होने के कारण एल–एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की प्रथम वरीयता सूची से हुऐ 220 प्रवेशों को निरस्त कर दिया गया है। अतः जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश निरस्त कर दिये गये है तथा जो अभ्यर्थी उपरोक्त महाविद्यालय हेतु पंजीकृत थे परन्तु अभी तक अप्रवेशित है, ऐसे सभी अभ्यर्थी जिन्होंनें उक्त कालेज के उपरोक्त वर्णित पाठ्यक्रम का चयन अपने प्रवेश पंजीकरण में किया था वे दिनांक 14.01.2021 से 15.01.2021 तक अपना महाविद्यालय चयन प्राथमिकता के अनुसार स्वंय परिवर्तित कर लें, क्योंकि एम0एम0एच0 कालेज, गाजियाबाद का विकल्प उनके पंजीकरण के समय दिये गये विकल्पों में से हटा दिया गया है। यहॉ यह भी सूच्य है कि उक्त महाविद्यालय को बी0सी0आई0 की मान्यता ना होने के कारण एल–एल0बी0 तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की प्रथम वरीयता सूची से जिन 220 अभ्यर्थियों का प्रवेश निरस्त किया गया है उन्हें प्रथम संशोधित वरीयता सूची में उनकी महाविद्यालय हेतु दिये गये वरीयताक्रम के अनुसार सम्बंधित महाविद्यालय में वर्गानुसार सीटों की उलब्धता तथा उन महाविद्यालयों में विभिन्न वर्गों के पूर्व में घोषित प्रथम वरीयता सूची के cut off merit index तक ही consider किया जायेगा। उपरोक्त प्रक्रिया के माध्यम से जिन अभ्यर्थियों का प्रवेश उनके कतिपय निम्न प्रवेश सूचकांक (Low merit index) व सम्बंधित वर्ग में सीटों की अनउपलब्धता के कारण चुने हुए महाविद्यालय की प्रथम संशोधित वरीयता सूची में नहीं आ पाते है ऐसे अभ्यर्थियों तथा वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंनें उक्त कालेज के उपरोक्त वर्णित पाठ्यक्रम का चयन अपने प्रवेश पंजीकरण में किया था। उन्हें विभिन्न महाविद्यालयों/संस्थानों के लिये द्वितीय वरीयता सूची (जो यथासंशोधित प्रथम वरीयता सूची के बाद प्रकाशित की जायेगी) में उनके merit index (प्रवेश सूचकांक) व महाविद्यालय वरीयताक्रम एवं सम्बंधित महाविद्यालय में वर्गानुसार उपलब्ध सीटों के आधार पर consider किया जायेगा।

प्रवेश समन्वयक–2020